राष्ट्रीय संस्करण

वर्ष 2 अंक 315

मूल्य ₹5.00, नई दिल्ली, मंगलवार, 23 अप्रैल 2019

# दैनिक जागरण

www.jagran.com

पृष्ठ 14




मेरे रहते आरक्षण पर कोई आंच नहीं आने वाली : मोदी

>>5

## महासमर 2019


- दिग्विजय सिंह के मंच से युवक ने की प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ • पेज 5
- तमिलनाडु की सभी सीटों पर चुनाव का खर्च सबसे ज्यादा • पेज 5
- कर्जदार किसानों को भी जेल नहीं जाने देगी कांग्रेस : राहुल • पेज 6
- सोनिया बताएं, बटला हाउस में आतंकियों की मौत पर क्यों रोईं थीं : शाह • पेज 6


## विश्वास.News

पीएम के रोड शो की वायरल तस्वीर है पुरानी ?

विश्वास न्यूज की पड़ताल • पेज 6

## न्यूज गैलरी

**राज-नीति** ▸ पृष्ठ 3

### आयोग ने मोदी की बायोपिक पर रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंपी

**नई दिल्ली** : चुनाव आयोग ने नरेंद्र मोदी की बायोपिक के बारे में विस्तृत रिपोर्ट सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को सीलबंद लिफाफे में सौंप दी। कोर्ट ने रिपोर्ट को रिकार्ड पर लेते हुए कहा, इसकी एक प्रति फिल्म निर्माता को भी उपलब्ध कराई जाए। इस मामले में सुनवाई के लिए 26 अप्रैल की तिथि तय की गई है। कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिया था कि वह फिल्म को देखने के बाद रोक के आदेश पर पुनर्विचार विचार करे।

**नेशनल न्यूज** ▸ पृष्ठ 10

### तिरुपति मंदिर के खजाने और बैंक में है 9,259 किलो सोना

**तिरुपति** : तिरुमाला स्थित श्री वेंकटेश्वर मंदिर के खजाने और बैंकों में 9,259 किलो सोना जमा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि देश के सबसे धनी मंदिर की देखरेख करने वाली संस्था तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने गोल्ड डिपॉजिट स्कीम के तहत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में 5,387 किलो और इंडियन ओवरसीज बैंक में मंदिर का 1,938 किलो सोना जमा है।

**बिजनेस** ▸ पृष्ठ 11

### अब ईरान से कच्चा तेल नहीं खरीद सकेगा भारत

**नई दिल्ली** : भारत अब ईरान से कच्चा तेल (क्रूड) नहीं खरीद सकेगा। पिछले वर्ष ईरान पर प्रतिबंध लगाने के बाद अमेरिका ने कुछ देशों को वहां से तेल खरीदने के लिए छह महीनों की जो छूट दी थी। छूट की वह अवधि पहली मई को खत्म हो रही है और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी भी देश के लिए यह अवधि बढ़ाने से इन्कार कर दिया है। इसमें भारत, चीन और जापान समेत आठ देश शामिल हैं।

**अंतरराष्ट्रीय** ▸ पृष्ठ 13

### पुरानी दोस्ती में जान फूंकने रूस गए किम जोंग

**प्योंगयांग** : उत्तर कोरिया के सर्वोच्च नेता किम जोंग उन अब रूस के साथ दशकों पुरानी दोस्ती में नई जान फूंकने की कवायद में जुट गए हैं। इस सिलसिले में वह रूस के पहले दौरे पर रवाना हुए हैं, जहां वह बुधवार और गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भेंट करेंगे। दोनों नेताओं की शिखर वार्ता व्लादीवोस्तक शहर में होगी। दोनों देशों के बीच दशकों पहले बहुत अच्छे संबंध थे जो धीरे-धीरे बिगड़ गए थे।


रन बरसे

चेन्नई सुपरकिंग्स vs सनराइजर्स हैदराबाद

रात 8:00 बजे से

स्थान : चेन्नई

स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क


# 'चौकीदार चोर है' वाले बयान पर राहुल ने जताया खेद

**पीछे हटे** ▸ राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कर दी थी टिप्पणी

कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा, गलत ढंग से प्रचारित किया गया उनका बयान

**जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली**

चुनावी घमासान के बीच कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को राफेल सौदे में सुप्रीम कोर्ट के हवाले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर की गई टिप्पणी के लिए खेद जताया। उन्होंने कहा कि चढ़े हुए सियासी पारे के बीच आवेश में आकर यह बयान दिया था, जिसे विरोधी खेमे की ओर से गलत ढंग से प्रचारित किया गया। उनका इरादा शीर्ष कोर्ट की साख को कमजोर करने का नहीं था। हालांकि इसके साथ ही राजनीतिक बयानबाजी फिर तेज हो गई। एक तरफ जहां भाजपा ने राहुल को परले दर्जे का झूठा करार दिया और कहा कि उन्होंने गलती मान ली है वहीं खेद जताने को हार न मान लिया जाए इसलिए राहुल ने ट्वीट कर कहा, '23 मई को जनता की अदालत में फैसला हो जाएगा कि कमलछाप चौकीदार ही चोर है।'

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को राहुल ने हलफनामा दाखिल कर सफाई पेश की। कोर्ट ने राहुल के उस बयान पर आपत्ति जताई थी जिसमें उन्होंने कहा था, सुप्रीम कोर्ट ने भी माना कि चौकीदार चोर है। कोर्ट ने 22 अप्रैल तक इस पर राहुल से सफाई मांगी थी। मंगलवार को कोर्ट में अवमानना मामले में सुनवाई होनी है।

राहुल ने अपने हलफनामे में कहा है, 'कोर्ट की अवमानना करना कभी भी उनकी मंशा या इरादा नहीं था। उन्होंने चुनावी प्रचार के बीच जोश में आकर ऐसा बयान दिया था, लेकिन विरोधियों ने इसे गलत तरीके से प्रचारित किया और मुद्दा बनाया। मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मेरा ऐसा मकसद बिल्कुल भी नहीं था। इसलिए इस दुर्भाग्यपूर्ण संदर्भ के लिए मैं खेद जताता हूं। साथ ही मेरे बयान से यह कतई न समझा जाए कि कोर्ट ने ऐसा कोई निष्कर्ष या टिप्पणी दी है।' हलफनामे में यह भी कहा गया है कि भाजपा और सरकार के लोगों की ओर से भी कोर्ट के हवाले से यह बयान दिया जा रहा है कि उन्हें राफेल से जुड़े मामले में क्लीन चिट मिल गई है। इससे पहले भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने राहुल गांधी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक अवमानना याचिका दाखिल कर उनके खिलाफ अपराधिक मुकदमा चलाने की मांग की थी।





कोर्ट में आज होगी अवमानना मामले में सुनवाई

### लंबी बहस के बाद राहुल का नामांकन पत्र वैध

**अमेठी, जागरण संवाददाता**

कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी का नामांकन पत्र वैध पाया गया है। सोमवार को जिलाधिकारी न्यायालय में दो घंटे तक चली सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को सुनने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया। शनिवार को अमेठी से लोकसभा प्रत्याशी अफजाल वारिस, ध्रुवलाल, सुरेशचंद्र और सुरेश चंद्र शुक्ला ने राहुल गांधी द्वारा दाखिल हलफनामे में गलत तथ्य दिए जाने का आरोप लगाते हुए नामांकन पत्र खारिज करने की मांग की थी। चारों उम्मीदवारों ने राहुल पर अपनी संपत्ति छुपाने, नामांकन पत्र अन्यत्र से खरीदने, अपनी डिग्री के संबंध में स्थान का उल्लेख नहीं करने, चल संपत्ति से संबंधित कॉलम रिक्त छोड़ने, सही आय नहीं दिखाने और विदेशी नागरिकता होने का आरोप लगाया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि किसी उम्मीदवार द्वारा गलत सूचना देने के आधार पर उसका नामांकन पत्र खारिज नहीं किया जा सकता।



कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा गलती मान लेने का मतलब है कि यह अदालत की अवमानना है। इसके साथ ही यह मेरे उस रुख की पुष्टि भी है कि यह अदालतों को कलंकित करने और न्यायाधीशों को बदनाम करने की कोशिश है। – मीनाक्षी लेखी, भाजपा सांसद



माननीय सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा देकर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने मान लिया है कि उन्होंने राफेल मामले में प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आरोप लगाने में झूठ बोला। – जीवीएल नरसिम्हा राव, भाजपा प्रवक्ता



झूठ की सीमा नहीं होती। कोर्ट में राहुल के जवाब पर भाजपा की गलतबयानी खुद ही आपराधिक अवमानना है। मामला कोर्ट में है। आज फैसला देना बंद करें। हम फिर कहते हैं, एक ही चौकीदार चोर है। – रणदीप सुरजेवाला, कांग्रेस प्रवक्ता


### वायनाड सीट से नामांकन को लेकर दुविधा में अमेठी

**अमेठी** : गांधी परिवार की खानदानी संसदीय सीट पर मतदाताओं की मनस्थिति हर बार जैसी नहीं दिखती। भाजपा द्वारा राहुल गांधी की मजबूत घेराबंदी करने और राहुल द्वारा अमेठी के साथ दूसरे (वायनाड) संसदीय क्षेत्र में ठिकाना तलाशने से दुविधा बढ़ी है। वीआइपी सीट होने के बावजूद विकास की दौड़ में पिछड़े अमेठीवासियों को भाजपा नेताओं की सक्रियता से क्षेत्र के अच्छे दिन आने की उम्मीद बढ़ी है। वहीं, एक वर्ग को राहुल द्वारा दूसरा संसदीय क्षेत्र तलाश लेने से कुछ खोने की आशंका भी सता रही है। सोमवार को अमेठी के तीन विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा करने पहुंचे राहुल गांधी जिस आत्मविश्वास और उत्साह में दिखे, उससे कांग्रेसजनों का मनोबल बढ़ा है। (पेज-6)

# 15 राज्यों की 117 सीटों पर मतदान आज

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में 15 राज्यों की 117 सीटों पर मंगलवार को वोट डाले जाएंगे। इसमें त्रिपुरा ईस्ट की सीट भी शामिल है, जहां 18 अप्रैल को मतदान होना था, लेकिन कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए चुनाव आयोग ने मतदान टाल दिया था। तीसरे चरण में भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर है। इस चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपाध्यक्ष अमित शाह, लालकृष्ण आडवाणी और वित्त मंत्री अरुण जेटली समेत कई वीवीआइपी मतदाता भी हैं, जो देश के अलग-अलग क्षेत्रों में मताधिकार का प्रयोग करेंगे। 19 मई तक मतदान के सात चरणों में लोकसभा की 543 सीटों के लिए चुनाव होंगे। नतीजे 23 मई को आएंगे।

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह गुजरात की गांधीनगर और गांधी केरल की वायनाड लोकसभा सीट से प्रत्याशी हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के सामने जहां गुजरात की सभी 26 सीटों पर अपनी जीत को बनाए रखने की चुनौती है, वहीं राहुल गांधी पर वायनाड से अपनी जीत के साथ ही केरल में पार्टी के प्रदर्शन में सुधार लाने की जिम्मेदारी भी है।





- अमित शाह और राहुल समेत कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर
- मोदी-शाह के सामने गुजरात, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की सीटें बरकरार रखने की चुनौती

**मोदी-आडवाणी करेंगे मतदान** : तीसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गांधीनगर में रणिप इलाके में स्कूल में बने मतदान केंद्र पर वोट डालेंगे। वरिष्ठ नेता आडवाणी गांधीनगर के खानपुर इलाके में मतदान करेंगे। आडवाणी यहीं से सांसद हैं, इस बार अमित शाह मैदान में हैं। शाह नारणपुरा और अरुण जेटली गांधीनगर एसजी हाईवे पर स्थित बूथ पर वोट डालेंगे।

| कहां | कितनी सीटें |
|---|---|
| गुजरात | 26 |
| केरल | 20, |
| महाराष्ट्र | 14 |
| कर्नाटक | 14, |
| उत्तर प्रदेश | 10 |
| छत्तीसगढ़ | 7 |
| ओडिशा | 6 |
| बिहार | 5 |
| पश्चिम बंगाल | 5 |
| असम | 4 |
| गोवा | 2 |
| जम्मू-कश्मीर | 1 |
| दादर नागर हवेली | 1 |
| दमन दीव | 1 |
| त्रिपुरा | 1 |

2014 के चुनाव में तीसरे चरण की 117सीटों में से राजग ने आधी से ज्यादा सीटें जीती थीं। राजग के खाते में 67 सीटें आई थीं। अकेले भाजपा को 62 सीटों पर जीत मिली थी। शिवसेना को चार , एलजेपी को एक सीट पर विजय मिली थी। यूपीए के हिस्से में 26 सीटें आई थीं, जिनमें से 16 सीटें कांग्रेस के पास थी।

आजम के बेटे ने जयाप्रदा पर की अभद्र टिप्पणी मुकदमा दर्ज पेज>>7

# श्रीलंका आतंकी हमले में जद-एस के पांच कार्यकर्ताओं की भी मौत

- धमाकों में मृतक संख्या 290 तक पहुंची, अब तक आठ भारतीयों की मौत की पुष्टि
- श्रीलंका में आपातकाल, सरकार ने कहा, मुस्लिम संगठन एनटीजे ने किया हमला

**कोलंबो, प्रेट्र/आइएएनएस** : श्रीलंका में रविवार को ईसाइयों के पर्व ईस्टर पर हुए भीषण आतंकी हमलों में मृतकों की संख्या 290 तक पहुंच गई है। मृतकों में कर्नाटक की सत्तारूढ़ पार्टी जनता दल-सेक्युलर (जद-एस) के पांच कार्यकर्ताओं समेत आठ भारतीय शामिल हैं। श्रीलंका सरकार के मुताबिक, धमाके सात आत्मघाती हमलावरों ने किए थे। हमले का संदेह स्थानीय मुस्लिम आतंकी संगठन नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) पर है। अब तक 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। हालात को देखते हुए श्रीलंका सरकार ने सोमवार आधी रात से आपातकाल का एलान कर दिया।

अधिकारियों ने बताया कि कोलंबो, बट्टीकलोआ व नेगोंबो में तीन चर्च व तीन होटलों में हुए धमाकों में मरने वाले भारतीयों में पांच जदएस कार्यकर्ता नारायण चंद्रा, केजी हनुमनतरैयप्पा, एम. रंगप्पा, केएम लक्ष्मीनारायण और लक्ष्मण गौड़ा रमेश शामिल हैं। पार्टी के दो कार्यकर्ता लापता हैं। सभी कोलंबो के सांगरी ला होटल में रुके थे। इससे पूर्व रविवार रात विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने तीन भारतीयों रमेश, लक्ष्मी व नारायण चंद्रशेखर की मौत की जानकारी दी थी। केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने राज्य की पीएस रासिना नामक महिला की मौत की बात भी कही है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

**सात आत्मघाती हमलावरों ने किए थे धमाके** : श्रीलंका के स्वास्थ्य मंत्री रजित सेनारत्ने ने कहा, धमाकों में सात आत्मघाती हमलावर शामिल थे। सभी श्रीलंकाई नागरिक बताए जा रहे हैं। हमले में मुस्लिम संगठन नेशनल तौहीद जमात का हाथ हो सकता है, पर किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी नेटवर्क की मदद के बिना इतना बड़ा हमला संभव नहीं।



श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में सोमवार को सेंट एंथनी चर्च के समीप फिर विस्फोट हुआ। इसके बाद मौके पर जुटे सुरक्षाकर्मी। एएफपी

**देश में आज राष्ट्रीय शोक** : श्रीलंका सरकार ने मंगलवार को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित किया है। आतंकी हमलों के बाद हालात को देखते हुए सरकार ने सोमवार मध्यरात्रि से पूरे देश में आपातकाल का एलान कर दिया। राष्ट्रपति मैत्रिपाल सिरीसेन की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में यह फैसला लिया गया।

**और हमलों की भी थी तैयारी** : तलाशी अभियान के दौरान सोमवार सुबह कोलंबो में भंडारनायके अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के डिपार्चर टर्मिनल के रास्ते पर छह फुट का पाइप बम मिला। सेंट्रल बस स्टेशन के पास 87 बम डेटोनेटर मिले। पुलिस ने कोलंबो में उस घर को भी खोज लिया है जहां हमलावर तीन माह से रह रहे थे। एक प्रत्यक्षदर्शी ने हमले का शिकार हुए चर्चों में से एक के नजदीक बम डिफ्यूज करते समय सोमवार को भी विस्फोट होने की बात कही है। सरकार मृतकों के परिजनों को 10 लाख की मदद देगी। (पेज-13)

## गंभीर पूर्वी दिल्ली से भाजपा के प्रत्याशी मीनाक्षी को फिर मौका

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली** : दिल्ली में भाजपा ने दो और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। पूर्वी दिल्ली से पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर को प्रत्याशी बनाया गया है। नई दिल्ली क्षेत्र से मीनाक्षी लेखी पर पार्टी ने फिर से भरोसा जताया है। इसके साथ ही उन सभी चर्चाओं पर विराम लग गया है, जिसमें मीनाक्षी का टिकट कटने की बात कही जा रही थी। हालांकि, भाजपा ने वर्तमान सांसद महेश गिरी का पूर्वी दिल्ली लोकसभा से टिकट काट दिया है। मीनाक्षी लेखी और गौतम गंभीर मंगलवार को नामांकन दाखिल करेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भाजपा ने चार सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की थी, जिसमें उत्तर-पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली से रमेश विधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा और चांदनी चौक से डॉ. हर्षवर्धन पर फिर से भरोसा जताया था। गौतम गंभीर को प्रत्याशी बनाए जाने पर महेश गिरी ने ट्वीट कर पार्टी के फैसले का स्वागत किया है। गिरी ने लिखा है कि पूर्वी दिल्ली से गौतम गंभीर को प्रत्याशी बनाए जाने पर मैं उनको शुभकामनाएं अर्पित करता हूं। मुझे पूरी आशा है कि उनके नेतृत्व में हम पुनः पूर्वी दिल्ली से विजय प्राप्त करेंगे और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में योगदान देंगे। पांच वर्षों से पूर्वी दिल्ली के विकास हेतु हरसंभव प्रयास किया। मुझे पार्टी में हमारे सभी कार्यकर्ताओं का समुचित सहयोग भी मिला है। मंगलवार को गौतम गंभीर के साथ नामांकन में जाऊंगा।



**कांग्रेस ने घोषित किए सभी उम्मीदवार** : कांग्रेस ने भी दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम तय कर दिए हैं। नई दिल्ली से पूर्व सांसद अजय माकन, पूर्वी दिल्ली से अरविंदर सिंह लवली, उत्तर पश्चिमी दिल्ली से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राजेश लिलोठिया, उत्तर पूर्वी दिल्ली से प्रदेश अध्यक्ष शीला दीक्षित, चांदनी चौक से पूर्व सांसद जयप्रकाश अग्रवाल और पश्चिमी दिल्ली से पूर्व सांसद महाबल मिश्रा और दक्षिणी दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर बिजेंदर सिंह पर दांव लगाया है।

# सुप्रीम कोर्ट के वकील संगठन सीजेआइ से सहमत नहीं

**नई दिल्ली, प्रेट्र** : सुप्रीम कोर्ट के वकीलों की दो शीर्ष संस्थाओं ने प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) जस्टिस रंजन गोगोई द्वारा खुद के खिलाफ लगे अमर्यादित आचरण के आरोपों से निपटने के तरीके को अनुचित बताया है। संगठन ने इसे 'प्रक्रियात्मक असंगतता' और प्रक्रिया का 'उल्लंघन' करार दिया है।

सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड एसोसिएशन (एससीएओआरए) ने फुल बेंच से आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है।

जस्टिस गोगोई के खिलाफ शनिवार को आरोप लगा। तीन सदस्यीय पीठ की अध्यक्षता करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने इस मामले पर आपात सुनवाई की और अपने खिलाफ लगे आरोपों को 'अविश्वसनीय' बताया था। सुप्रीम कोर्ट की पूर्व कर्मचारी ने आरोप लगाए थे, जो जस्टिस गोगोई के सीजेआइ बनने के बाद अक्टूबर में दिल्ली स्थित उनके आवासीय कार्यालय में काम करती थी।

एससीबीए ने अपनी कार्यकारी समिति की आपात बैठक के बाद बयान में कहा बिना किसी पक्षपात के शुरू की जा सकने वाली जांच के लिए, फुल कोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट, सोशल मीडिया और अन्य स्रोतों पर आरोपों के संबंध में उपलब्ध सभी सामग्रियों और तथ्यों को अगली बैठक में सुनवाई के लिए समेटना चाहिए।

एससीबीए के सचिव विक्रांत यादव ने कहा, 'कार्यकारी समिति का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट की पूर्व कर्मचारी द्वारा सीजेआइ के खिलाफ लगाए गए आरोपों की सुनवाई के लिए 20 अप्रैल को अपनाई गई प्रक्रिया कानून द्वारा स्थापित प्रक्रिया के साथ ही साथ स्वाभाविक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ भी है।'

जबकि एससीएओआरए ने सोमवार को पारित प्रस्ताव में कहा, 'सुप्रीम कोर्ट की पूर्व कर्मचारी द्वारा लगाए गए ओरोपों पर स्थापित प्रक्रिया के तहत सुनवाई होनी चाहिए और प्रत्येक मामले में समान रूप से कानून को लागू किया जाना चाहिए।' एसोसिएशन ने आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए फुल कोर्ट की अध्यक्षता में एक कमेटी के गठन की भी मांग की है।

### इस हफ्ते नहीं बैठेगी पांच जजों की संविधान पीठ

सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ इस सप्ताह नहीं बैठेगी। मंगलवार से शुरू होने वाली सुनवाई में भूमि अधिग्रहण कानून व विधिनिर्माताओं को संसद या विधानसभा में वोट के लिए घूस लेने पर अभियोजन से छूट मिलनी चाहिए या नहीं समेत अन्य महत्वपूर्ण मामले सूचीबद्ध थे। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर कहा गया है कि 23 अप्रैल से संविधान पीठ नहीं बैठेगी। पूर्व में जारी नोटिस के अनुसार, पांच जजों की संविधान पीठ 23 अप्रैल से भूमि अधिग्रहण कानून-2013 की धारा 24 की व्याख्या से संबंधित दो मामलों की सुनवाई करने वाली थी।

**सुप्रीम कोर्ट कर्मचारी संगठन का सीजेआइ को समर्थन** : सुप्रीम कोर्ट कर्मचारी कल्याण संगठन (एससीईडब्ल्यूए) ने प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई का समर्थन किया है। संगठन ने अपने एक पेज के प्रस्ताव में आरोपों को 'झूठा, बनावटी और आधारहीन' करार देते हुए इसे न्यायपालिका की छवि को खराब करने की साजिश बताया है। प्रस्ताव में कहा है कि न्यायपालिका को बदनाम करने की बाहरी ताकतों की साजिश को नाकाम करने के लिए वह पूरी तरह से प्रधान न्यायाधीश के साथ है।

**15 मिनट देर से शुरू हुई सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही** : सुप्रीम कोर्ट की सभी 15 पीठों में सोमवार को कार्यवाही 15 मिनट देर से सुबह 10:45 बजे शुरू हुई। अमूमन पीठों की कार्यवाही सुबह साढ़े दस बजे से शुरू हो जाती है। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता व जस्टिस संजीव खन्ना पहले कोर्ट में बैठे। हमेशा की तरह वकीलों ने तत्काल सुनवाई के लिए मुकदमों को उनके समक्ष प्रस्तुत करना शुरू कर दिया। अदालत की कार्यवाही देर से शुरू होने के कारण वकीलों में यह चर्चा रही कि जज किसी बैठक में व्यस्त रहे होंगे।

**रोहित हत्याकांड**

# अपूर्वा ने माना, रोहित से हुआ था झगड़ा, दबाया था एक-दूसरे का गला

क्राइम ब्रांच को रोहित की पत्नी पर हत्या करने का शक, सोमवार रात 1:30 से 2:30 तक रोहित के कमरे में थीं अपूर्वा, मौत का वक्त भी है यही, पर्याप्त सुबूत जुटाने के बाद क्राइम ब्रांच कर सकती है गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत नारायण दत्त तिवारी के बेटे रोहित शेखर तिवारी (40) हत्याकांड से जल्द ही पर्दा उठने वाला है। अब तक की जांच में मिले सुबूतों के आधार पर क्राइम ब्रांच के शक के दायरे में रोहित की पत्नी अपूर्वा आ रहीं हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक तीन दिन तक हुई पूछताछ के बाद अपूर्वा टूट गई और स्वीकार किया कि सोमवार की रात 11 बजे रोहित से उनका झगड़ा हुआ था। झगड़े के दौरान दोनों ने एक दूसरे का गला दबाया था। इसमें हो सकता है कि जोर से गला दब गया हो और सोने के दौरान रोहित की मौत हो गई हो। हालांकि, क्राइम ब्रांच अपूर्वा की इस बात पर यकीन नहीं कर रही है। आशंका है कि अपूर्वा ने हत्या की धाराओं से बचने के लिए पुलिस को यह कहानी बताई हो, ताकि मामला गैरइरादतन हत्या का बन जाए। अपूर्वा खुद भी सर्वोच्च न्यायालय की अधिवक्ता हैं। ऐसे में क्राइम ब्रांच किसी भी जल्दबाजी से बचते हुए, सुबूतों की हर कड़ी को जोड़ लेना चाहती है। क्राइम ब्रांच पर्याप्त सुबूत एकत्र होते ही इस मामले में गिरफ्तारी करेगी।



**हत्याकांड से जल्द उठेगा पर्दा** : दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के एडिशनल पुलिस कमिश्नर (अतिरिक्त पुलिस आयुक्त) राजीव रंजन ने सोमवार को मीडिया को दिए बयान में संकेत दिया कि हत्याकांड की तफ्तीश पूरी होने वाली है। जल्द ही घटना का पर्दाफाश किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड से वोट डालने के बाद 15 अप्रैल की रात 10 बजे रोहित शेखर तिवारी डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने घर सी-329 लौटे थे। कार में उनके साथ रोहित की मां उज्ज्वला शर्मा, सौतेले भाई सिद्धार्थ के ममेरे भाई राजीव और राजीव की पत्नी कुमकुम भी थीं। खाना खाने के बाद रात 11 बजे उज्ज्वला, राजीव और कुमकुम तिलक लेन स्थित घर चले गए थे। इसके बाद रोहित पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में जाकर सो गए। बराबर वाले कमरे में उनकी पत्नी अपूर्वा भी सो गई थीं। इसके बाद रात 1:30 बजे अपूर्वा भूतल से पहली मंजिल पर स्थित रोहित के कमरे में जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दी हैं। ठीक एक घंटे बाद रात 2.30 बजे वह पहली मंजिल से भूतल पर आते दिख रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में रोहित की मौत का समय भी सोमवार की रात 1.30 से दो बजे के बीच बताया गया है।

ऐसे में क्राइम ब्रांच के अधिकारियों के शक की सुई रोहित शेखर तिवारी की पत्नी अपूर्वा पर आकर ठहर गई है और उन्हें मुख्य संदिग्ध माना जा रहा है। क्राइम ब्रांच अब यह भी जानने की कोशिश कर रही है कि वारदात को अंजाम एक व्यक्ति ने दिया या और लोग भी शामिल हैं। इसके लिए क्राइम अपूर्वा, रोहित की मसाज करने वाले भोलू व चालक अभिषेक के बयान को देखा जा रहा है। घटना वाली रात बाहर से किसी के अंदर प्रवेश करने के फुटेज नहीं मिले हैं।

### मंगलवार 11 बजे अपूर्वा ने दिल्ली से बाहर किया फोन

क्राइम ब्रांच से जुड़े उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक मोबाइल कॉल डिटेल रिकार्ड से पता चला है कि अपूर्वा तिवारी ने मंगलवार की सुबह 11 बजे अपने मोबाइल से दिल्ली से बाहर रहने वाले एक व्यक्ति को फोन किया था। पुलिस को शक है कि यह फोन अपूर्वा ने किसी जानकार से सुझाव लेने के लिए किया।

# महेश शर्मा को ब्लैकमेल करने की कोशिश, युवती गिरफ्तार

**जासं, नोएडा**

चुनाव में सहयोग करने की बातचीत का स्टिंग कर प्रतिनिधि चैनल के संचालक आलोक कुमार ने केंद्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा से दो करोड़ रुपये ऐंठने की कोशिश की। बंद हो चुके चैनल के संचालक ने सोमवार दोपहर मांग पत्र के साथ चैनल की पूर्व पत्रकार नीशू को सेक्टर 27 स्थित कैलाश अस्पताल भेजा। पत्र में सोमवार शाम तक 45 लाख रुपये और बुधवार तक कुल दो करोड़ रुपये देने की बात लिखी गई थी। पत्र मिलते ही डॉ. महेश शर्मा ने एसएसपी वैभव कृष्ण को जानकारी दी। एसएसपी खुद मौके पर पहुंचे और नीशू को हिरासत में लेकर पूछताछ हुई। उसके पास से एक टेप व हिडन कैमरा मिला। टेप में महेश शर्मा की आलोक से बातचीत का वीडियो है। 20 मिनट के वीडियो में आलोक केंद्रीय मंत्री को चुनाव में वाहन व कर्मचारी दिलाने की बात कह रहा है। कोतवाली सेक्टर 20 में इस मामले में एफआइआर दर्ज कर नीशू को गिरफ्तार कर लिया गया।



चुनाव में मदद की बातचीत का किया था स्टिंग, मांगे थे दो करोड़ रुपये

एसएसपी ने बताया कि बरामद वीडियो में कुछ खास आपत्तिजनक नहीं है। आलोक चुनाव में वाहन और कर्मचारी दिलाने की बात कर रहा है। इस दौरान महेश शर्मा एक जगह कह रहे हैं कि कोड वर्ड में बात करो। आलोक इसी आधार पर शर्मा को ब्लैकमेल कर रहा था। पैसा न देने पर वीडियो को मीडिया में जारी करने की धमकी दे रहा था।